पत्र सं0–13 / मुक0–08–35 / 2025................. /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

**निबंधित ईमेल**

गुंजन कुमार,
अवर सचिव (प्रबंधन)।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
गुण नियंत्रण (सिंचाई सृजन) प्रमंडल,
सिवान।

पटना, दिनांक–

विषयः– CWJC No......... /2025, संजय कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में तथ्य कथन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– GA-02, महाधिवक्ता का कार्यालय, बिहार पटना द्वारा प्राप्त याचिका की प्रति (छायाप्रति संलग्न)।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा CWJC No......... /2025, संजय कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के मामले में दायर याचिका की प्रति अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

उक्त याचिका में वादी द्वारा अपने बकाया सेवान्त लाभ (उपार्जित अवकाश) का ब्याज सहित भुगतान की माँग को लेकर माननीय उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष CWJC No......... /2025, संजय कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य वाद दायर किया है।

एक अन्य मामला SLP(C) No. 31133/2024 श्याम बिहारी शर्मा एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य, जो माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा LPA No. 172/2022 में दिनांक–26.09.2024 को पारित अंतिम न्यायनिर्णय के विरूद्ध दायर किया गया है जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उक्त SLP(C) No. 31133/2024 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–06.01.2025 को पारित अंतरिम न्यायनिर्णय के अनुपालनार्थ विभागीय पत्रांक–506 दिनांक–05.02.2025 के माध्यम से विभागीय पत्रांक–2471 दिनांक–02.07.2024 को अंतिम न्यायादेश पारित होने तक वादियों के परिपेक्ष्य में तत्काल स्थगित रखा गया है।

अतः उपरोक्त वर्णित स्थिति में वादी द्वारा दायर याचिका में उल्लेखित विषय वस्तु का संबंध आपके कार्यालय से होने के कारण उक्त याचिका की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि विषयांकित वाद में कंडिकावार तथ्य कथन तैयार कर विभागीय अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि उक्त वाद में ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर किया जा सकें।

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।**

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(गुंजन कुमार)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–                    पटना / दिनांक

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक– 4768                    पटना / दिनांक 7/10/25

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित पदाधिकारियों के ईमेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

अवर सचिव (प्रबंधन)।

##Letter-2025, Sec-13, Sys-2